(च) इस समय कृषि-क्षेत्र में विश्व बैंक की सहायता प्राप्त 12 परियोजनाएं चल रही हैं।

(ङ) और (च) आमतौर पर, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में विश्व बैंक की सहायता प्राप्त परियोजनाओं का उद्देश्य आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाना, अनुसंधान और सुपुर्दगी प्रणालियों की गुणवत्ता में सुधार करना, आदान सहायता को बढ़ाना आदि होता है। ये उद्देश्य कमोबेश विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत पूरे किए गए हैं। परियोजना क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों पर किए जाने वाले विभिन्न मॉनिटरिंग मूल्यांकन सर्वेक्षणों, मध्यावधि समीक्षाओं तथा परियोजना पूरी होने संबंधी रिपोर्टों से उक्त तथ्यों का पता चला है।

पशु-पालन-विकास के लिए योजनायें

7117. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला**: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान गुजरात सरकार द्वारा पशुपालन विकास हेतु कौन-कौन सी योजनाएं प्रारम्भ की गई हैं?

(ख) कौन-कौन से जिलों में ऐसी योजनाएं प्रारम्भ की गई हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेतराम): (क) और (ख) विभिन्न राजकीय योजनाओं के अतिरिक्त 1993-94 के दौरान गुजरात सरकार को केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के लिए निधियां निर्मुक्त की गई थीं और इन योजनाओं को राज्य के सभी जिलों में क्रियान्वित किया जाना था:

(1) राष्ट्रीय सांड उत्पादन कार्यक्रम . . .	(188.00 लाख रुपए)
(2) राष्ट्रीय पशु-प्लेग उन्मूलन सहितपशुधन स्वास्थ्य सुविधा	(178.61 लाख रुपए)
(3) पशु शव उपयोगिता केन्द्र तथा निस्त्वचन एककों की स्थापना	(25.28 लाख रुपए)
(4) भारवाही पशुओं का विकास . . .	(11.15 लाख रुपए)
(5) राष्ट्रीय मेढ़ा/मृग उत्पादन कार्यक्रम . . .	(15.00 लाख रुपए)
(6) हिमित-वीर्य प्रौद्योगिकी का विस्तार . .	(1.20 लाख रुपए)
(7) प्रमुख पशुधन उत्पादन के अनुज्ञान के लिए एकीकृत नमूना सर्वेक्षण	(20.00 लाख रुपए)

Experiments on Animals for Medical Research

7118. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is multiplicity of medical reserach involving torturous experiments on animal life;

(b) whether it is also a fact that such experiments are also carried on in cosmetic and non-essential industry; and

(c) if so, what steps Government propose to ban such experiments in at least non-essential industries?